भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3724
उत्तर देने की तारीख: 18.12.2024

केरल में पीएम जन विकास कार्यक्रम

3724. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास केरल राज्य के लिए पीएम जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या सरकार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत किसी भी परियोजना को कार्यान्वित करने में राज्य सरकार से सहायता मिली है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क): योजना की शुरुआत से लेकर अब तक प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत केरल राज्य के लिए कुल 2155 परियोजना इकाइयों को मंजूरी दी गई है जिसका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

क्र.सं.	इकाइयों का नाम	इकाइयों की संख्या
1.	स्कूल भवन	49
2.	स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास	1
3.	स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएँ/पुस्तकालय/प्रयोगशाला/हॉल	199
4.	स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम/कंप्यूटर लैब/शिक्षण सहायक सामग्री	3
5.	स्कूल में अन्य बुनियादी ढांचा	5
6.	स्वास्थ्य परियोजनाएं	42
7.	आईटीआई/आईटीआई के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा	1
8.	पॉलिटेक्निक/ मौजूदा पॉलिटेक्निक के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा	11
9.	कौशल केंद्र	3
10.	हुनर हब	2
11.	कामकाजी महिला छात्रावास	2
12.	सामुदायिक सेवा केंद्र / सद्भाव मंडप / सामुदायिक हॉल	12
13.	पेय जल	18
14.	गैर सिविल कार्य- साइकिल/फर्नीचर/उपकरण/प्रशिक्षण	1807
	कुल योग	**2155**

(ख): पीएमजेवीके के अंतर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित परियोजना इकाइयों का कार्यान्वयन, रखरखाव और संचालन जैसा भी मामला हो संबंधित राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन

द्वारा किया जाता है। केरल राज्य सरकार के मामले में भी, राज्य ही अनुमोदित परियोजना इकाइयों का कार्यान्वयन कर रहा है।

*****